भगवती नगर में बनाए गए रियासत के सबसे बड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन करतीं सीएम महबूबा। साथ में हैं डिप्टी सीएम निर्मल सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा, सांसद जुगल

रियासत का सबसे बड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लां

मुख्यमंत्री ने जनता को समर्पित किया, 31000 सीवर कनेक्शन क्षमता है

अमर उजाला ब्यूरो

जम्मू। मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को जम्मू में एक के बाद एक लगातार कई विकास कार्यों की आधार शिला रखी और रियासत के सबसे बड़े 30 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भगवती नगर में उद्घाटन भी किया।

उपमुख्यमंत्री डा. निर्मल सिंह, सांसद जुगल किशोर शर्मा, एस सी बोर्ड के वाइस चेयरमैन भूषण डोगरा और विधायक सत शर्मा, अंजुम फाजिली और एमएलसी सुरेंद्र अंबरदार की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने भगवती नगर में इरा की ओर से निर्मित 30.82 करोड़ की राशि से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जनता को समर्पित किया। प्लांट की क्षमता 31000 सीवर कनेक्शन की है।

प्लांट से प्रतिदिन 30 मिलियन लीटर सीवरेज प्रतिदिन ड्रेन किया जा सकेगा और इससे तवी में गिरने वाली गंदगी में भी कमी आएगी। और साफ सफाई के अलावा जम्मू

सरवाल में एस्टेट विभाग के 32 आवासीय फ्लैट, बाग-ए-बाहु में म्यूजिकल वाटर फाउंटेन और लेजर शो का नींव पत्थर भी रखा

तालाब खटिका का दौरा कर सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

पश्चिम में वातावरण में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट की लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री डा. निर्मल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सरकार श्रीनगर व जम्मू शहरों का विकास करने को प्रतिबद्ध है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सरकार में दरबार मूव कर्मचारियों के लिए एस्टेट विभाग की ओर से निर्मित दो बेड रूम वाले 32 आवासीय फ्लैटों की आधार शिला रखी। सात करोड़ की राशि से यह फ्लैट तैयार होंगे।

मुख्यमंत्री को इस अवसर पर

सरवाल में सीएम

बताया गया मुट्ठी में जेडीए की ओर से बनाए जा रहे तीन बेड रूप वाले 32 और दो बेड रूम वाले 100 फ्लैट एस्टेट विभाग खरीदने की तैयारी कर रहा है। इस पर 61 करोड़ की राशि खर्च आएगी। इसके अलावा गांधीनगर में विधायकों के भी 288 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे। इस परियोजना पर 200 करोड़ की राशि खर्च होंगी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने तालाब खटिका का दौरा कर सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग से नई जामिया मस्जिद में शौचालय परिसर का निर्माण करने के निर्देश दिए। वहीं बाग ए बाहु में मुख्यमंत्री ने 10.82 करोड़ की राशि के म्यूजिक्ल वाटर फाउंटेन और साउंड एंड लाइट लेसर शो प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। इसके अलावा जम्मू रोपवे प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि रोपवे प्रोजेक्ट 62 करोड़ की राशि से मार्च 2018 में पूरा होगा।